खबर संक्षेप

खुले में मछली विक्रय पर नगर पालिका की कार्रवाई

शहडोल। 'सेवा ही संकल्प अभियान-2026' के तहत नगर पालिका परिषद शहडोल द्वारा नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा जितेंद्र भंडारी के निर्देशन में रविवार को खुले में मछली विक्रय करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। नगर पालिका की टीम ने भूसा तिराहा सोहागपुर के पास खुले में मछली विक्रय करने वाली दुकानों को बंद कराया। इसके साथ ही न्यू बस स्टैंड के पास बिना ढके खुले में मछली विक्रय करने वाले छह दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 1,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों को स्वच्छता बनाए रखने, मछली एवं अन्य खाद्य सामग्री को ढककर रखने तथा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाने की समझाइश दी गई। नगर पालिका अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर आगे भी नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई में स्वच्छता निरीक्षक अनिल महोबिया, भूपेश कोहरे, दुर्गेश गुप्ता, संतोष लखेरा, अंकुश सेन एवं फायर टीम की सहभागिता रही। नगर पालिका परिषद ने नागरिकों एवं दुकानदारों से अपील की है कि वे अपने घरों और दुकानों से निकलने वाला कचरा निर्धारित कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें तथा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं। स्वच्छ एवं सुंदर शहडोल के निर्माण में नागरिकों से सक्रिय सहभागिता की अपील की गई।

नव आरक्षक को अनुशासनहीनता के आरोप में किया गया निलंबित

शहडोल। पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय अग्रवाल द्वारा अनुशासनहीनता के मामले में नव आरक्षक 247 नीलेश पटारिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। नव आरक्षक 19 दिसम्बर 2025 से लगातार अनधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रहे थे। 18 सितम्बर 2026 को पुलिस लाइन शहडोल में उपस्थित होने पर उनकी वर्दी एवं वेशभूषा निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई। पूर्व में भी उन्हें बुनियादी प्रशिक्षण हेतु पुलिस प्रशिक्षण शाला तिगरा जिला ग्वालियर भेजे जाने के निर्देश थे, किंतु वे प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं हुए थे एवं अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हो गये थे। उक्त कृत्य पुलिस रेग्युलेशन के पैरा 64(2) एवं (4) के अंतर्गत घोर अनुशासनहीनता पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

एटीएम या टॉर्चर सेंटर?: शहडोल में बैंक काट रहे मेंटेनेंस चार्ज

सुविधाओं के नाम पर ग्राहकों को परोस रहे बदहाली और गंदगी

शहडोल। डिजिटल इंडिया के लुभावने नारों और कैशलेस इकोनॉमी के बड़े-बड़े विज्ञापनों की जमीनी हकीकत देखनी हो, तो शहडोल संभाग मुख्यालय के किसी भी एटीएम बूथ पर कदम रख लीजिए। यहां पहुंचते ही आपको अहसास हो जाएगा कि बैंकिंग सिस्टम और अफसरशाही मिलकर आम जनता की जेब पर किस सफाई से डाका डाल रहे हैं। पैसे निकालने की उम्मीद में एटीएम जाने वाले ग्राहकों को न तो कैश मिल रहा है और न ही सुविधा, बल्कि वहां मिलता है तो सिर्फ मानसिक तनाव, उमस और गंदगी का अंबार। शहर के एटीएम अब कैश वेंडिंग मशीन नहीं, बल्कि आम नागरिकों के सब्र का कड़ा इम्तिहान लेने वाले टॉर्चर सेंटर बन चुके हैं।

स्क्रीन रगड़-रगड़ कर पसीना-पसीना हो रहे ग्राहक

शहर के प्रमुख इलाकों में स्थित एटीएम की हालत किसी उपेक्षित खंडहर या कबाडखाने से कम नहीं है। 10 में से 8 एटीएम के शटर पर या तो आउट ऑफ सर्विस की तख्ती झूलती नजर आती है या फिर अंदर की डिस्प्ले स्क्रीन ही गायब या अंधी मिलती है। जहां स्क्रीन जल भी रही है, वहां का टच पैनल ऐसा लकवाग्रस्त है कि ग्राहक अपनी उंगलियां घिस-घिसकर पसीना-पसीना हो जाते हैं, तब जाकर कहीं मशीन आधी-अधूरी सांस लेती है। गर्मी और उमस के दौर में एटीएम में टंगे एसी केवल दिखावे की नुमाइश बनकर रह गए हैं। इनसे ठंडी हवा की जगह बदबूदार गर्म उबकाई आती है। अंदर पसरे मकड़ी के जाले, उड़े हुए रसीद के टुकड़े और धूल की परतें साफ बयान करती हैं कि हफ्तों से किसी झाड़ू वाले ने यहां रुख तक नहीं किया है। देश के सबसे बड़े भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम बूथों की खस्ताहाली तो बैंक प्रबंधन की संवेदनहीनता का सजीव प्रमाण पेश कर रही है।

कागजों में सिमटे आरबीआई के नियम

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के कड़े दिशा-निर्देश स्पष्ट कहते हैं कि एटीएम सिर्फ नोट फेंकने की मशीन नहीं है, बल्कि वहां न्यूनतम जन-सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य है। मशीन के तापमान नियंत्रण और ग्राहकों की राहत के लिए एसी का हर वक्त चालू रहना अनिवार्य है। बूथ के अंदर कचरा पात्र होना चाहिए और रोजाना नियमित सफाई होनी चाहिए। हर एटीएम बूथ पर एक प्रशिक्षित और मुस्तैद सुरक्षा गार्ड का होना अनिवार्य है। टच स्क्रीन और कीपैड पूरी तरह दुरुस्त स्थिति में होने चाहिए। मशीन लंबे समय तक ड्राई (कैश-विहीन) नहीं रहनी चाहिए, लेकिन हकीकत यह है कि बैंक इन एटीएम का संचालन थर्ड पार्टी एजेंसियों, आउटसोर्सिंग कंपनियों और कैश रीप्लेनिशमेंट एजेंसियों को ठेके पर देकर बेफिक्र हो गए हैं। ये ठेकेदार एजेंसियां कागजों पर पूरी सेवाएं दिखाकर हर महीने लाखों-करोड़ों के बिल भुना रही हैं और जमीनी स्तर पर सुविधाएं शून्य हैं। बैंक अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे समय-समय पर इन बूथों का औचक निरीक्षण करें, लेकिन शहडोल में बैंक अधिकारियों की सुस्ती और सांठ-गांठ के चलते यह व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।

जेब से कट रही वसूली

सब्सक्रिप्शन और मेंटेनेंस के नाम पर बैंक अपने ग्राहकों के खातों से हर साल एटीएम मेंटेनेंस चार्ज के रूप में रुपये चुपचाप पार कर देते हैं। शुल्क काटने में बैंक का सर्वर एक सेकंड की भी देरी नहीं लगाता, लेकिन जब बात सहूलियत और नियमानुसार सेवा देने की आती है, तो पूरा सिस्टम बगलें झांकने लगता है। पैसे देने के बावजूद गंदगी, बदबू और बंद मशीनों की यातना सहना शहडोल के ग्राहकों की नीयति बना दी गई है। एटीएम में ताला मिलने पर जब परेशान ग्राहक बैंक शाखा की ओर दौड़ लगाता है, तो वहां भी सर्वर डाउन या स्टाफ की कमी का रटा-रटाया बहाना थमाकर पल्ला झाड़ लिया जाता है। त्योहारी सीजन हो या कोई गंभीर मेडिकल इमरजेंसी, एटीएम ऐन मौके पर दगा दे जाते हैं। नगद जरूरत के लिए आज भी व्यापारी और आम नागरिक दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं।

ठेकेदारों और जिम्मेदार अफसरों पर हो सीधी कार्रवाई!

संभाग मुख्यालय होने के नाते शहडोल में रोजाना हजारों लोग अपने जरूरी कामकाज के लिए आते हैं, ऐसे में एटीएम की यह बदहाली प्रशासनिक नाकामी और तानाशाही की पराकाष्ठा है। ग्राहकों से अपील है कि वे इस प्रताड़ना के खिलाफ आरबीआई के बैंकिंग लोकपाल में सीधे शिकायत दर्ज कराएं और मानसिक क्षतिपूर्ति का दावा ठोकें। स्थानीय प्रशासन और भारतीय रिजर्व बैंक को चाहिए कि लापरवाही बरतने वाले वेंडरों और सफाई ठेकेदारों का ठेका तत्काल निरस्त कर उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाए और उन पर भारी जुर्माना ठोका जाए।

स्टेडियम में प्रातः भ्रमण करने वाले नागरिकों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

शहडोल। नगर पालिका परिषद शहडोल द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा ही संकल्प अभियान-2026' का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा जितेंद्र भंडारी के निर्देशन में अभियान के अंतर्गत स्वच्छता, जनभागीदारी एवं जनजागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में रविवार को नगर पालिका परिषद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्टेडियम परिसर में प्रातः भ्रमण करने वाले नागरिकों के बीच स्वच्छता जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान नागरिकों को स्वच्छता के महत्व की जानकारी देते हुए सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा रखने तथा कचरा निर्धारित स्थान पर डालने के लिए प्रेरित किया गया।

नगर पालिका अधिकारियों ने नागरिकों से कहा कि स्वस्थ रहने के लिए अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखना आवश्यक है। इसी प्रकार स्वस्थ, सुंदर एवं स्वच्छ शहर के निर्माण के लिए शहर को साफ रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छता केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सक्रिय सहभागिता से ही शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि सभी जोन प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि जिन स्थानों पर लोग कचरा फेंकते हैं, उन्हें चिन्हित कर वहां से कचरा हटाया जाए तथा स्थान की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही आसपास के नागरिकों को समझाइश देकर सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न डालने के लिए जागरूक किया जाए। नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने घरों, दुकानों एवं संस्थानों से निकलने वाला कचरा केवल कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें और इधर-उधर कचरा न फेंककर शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। इस अवसर पर नागरिकों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता करने, सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी न करने तथा समय-समय पर श्रमदान कर स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की गई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ शहडोल के निर्माण में सहभागिता का संकल्प भी दिलाया।

लॉरेंस शाइन हाई स्कूल में सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रतियोगिताएं आयोजित

लॉरेंस शाइन हाई स्कूल में सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रतियोगिताओं का आयोजन

निबंध, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

जयसिंहनगर। 19 सितंबर 2026 को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत लॉरेंस शाइन हाई स्कूल, जयसिंहनगर में निबंध, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शक्ति केंद्र प्रभारी भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य रामनारायण पांडेय, सह प्रभारी एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडल उपाध्यक्ष निर्मल द्विवेदी एवं आर.पी. शुक्ला उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए निबंध, भाषण एवं चित्रों के माध्यम से अपने विचारों और कल्पनाओं को अभिव्यक्त किया। विद्यार्थियों ने देश के विकास, जनसेवा एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामनारायण पांडेय ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे पुस्तकों से दोस्ती करें, नियमित रूप से अध्ययन करें और अपने ज्ञान का विस्तार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो सपना है 2047 के विकसित भारत में देश के विकास में योगदान देने के लिए तैयार हों। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की ओर से शिक्षक विजय तिवारी द्वारा मुख्य अतिथि रामनारायण पांडेय एवं विशिष्ट पूर्व मंडल उपाध्यक्ष निर्मल द्विवेदी, स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती दुर्गा शुक्ला, प्राचार्य श्रीमती सीमा तिवारी, आर.पी.शुक्ला का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विश्वविद्यालय में सेवा संकल्प के माध्यम से संगीत एवं नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति

शहडोल। पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में सेवा संकल्प के माध्यम से संगीत एवं नुक्कड़ नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों को सेवा, सामाजिक जागरूकता, मानवीय संवेदनाओं एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विभिन्न सामाजिक विषयों को रचनात्मक एवं प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया गया। संगीत की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण पैदा किया, वहीं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक जागरूकता का संदेश उपस्थित लोगों तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी

कैप्टन डॉ. जी. एस. संड्या विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रज्ञा यादव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की प्राध्यापक डॉ. धानी जामोद जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों के रूप में कार्यक्रम प्रभारी अंकित सराफ, सामाजिक कार्यकर्ता अतुल तिवारी, चंद्रकांत दुबे, सामाजिक कार्यकर्ता लवकेश तिवारी, युवा अभिषेक सोनी एवं शिवम् गौतम की गरिमामयी उपस्थिति रही। सहित विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं अन्य सामाजिक जनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मंचासीन अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत संगीत एवं नुक्कड़ नाटक की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं की प्रतिभा को सामाजिक सरोकारों से जोड़ना समाज के लिए सकारात्मक दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा, सामाजिक चेतना एवं सेवा भावना को मंच प्रदान करने के साथ-साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और सकारात्मक बदलाव के लिए आगे आने का संदेश देता है।

कृतार्थ सिंह दल ने किया पौधरोपण, युवाओं ने लिया संरक्षण का संकल्प

शहडोल। पर्यावरण संरक्षण और नगर को हरा-भरा बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल करते हुए रविवार को स्थानीय पुलिस मैदान परिसर में भव्य पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कृतार्थ सिंह दल के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा प्रकृति को बचाने का दृढ़ संकल्प दोहराया।

केवल पौधरोपण नहीं, जीवन भर रक्षा का संकल्प- कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केवल पौधे लगाना मात्र नहीं, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखना और नियमित रूप से खाद-पानी की व्यवस्था करना रहा। इस अवसर पर दल के प्रमुख कृतार्थ सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती पर्यावरणीय चुनौतियों और प्रदूषण से निपटने का एकमात्र मार्ग अधिक से अधिक वृक्ष लगाना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक पौधे को विशाल वटवृक्ष बनने में वर्षों का समय लगता है, इसलिए उसकी सुरक्षा हम सभी की सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी है।

युवाओं और विद्यार्थियों की अनुकरणीय भागीदारी- इस हरित अभियान में नगर के विद्यार्थियों और

युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम में सेंट्रल एकेडमी विद्यालय की प्रभारी अनुकृति यादव की विशिष्ट उपस्थिति रही। इसके साथ ही राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) से जुड़े गौरव मिश्रा और आदित्य ने भी अनुशासित तरीके से पौधारोपण कर अन्य युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंकित यादव, आयुष सोनी, अभिनव रघुवंशी, श्रेयांश तिवारी, रेहांश पट्टा, ईशान तिवारी, शुभ शर्मा, स्पर्श सोनी, आदर्श गुप्ता, कृष्णा ठाकुर, पार्थ, अभिनव, आदि, आयुष, देव एवं सिद्धू सहित बड़ी संख्या में युवा सदस्यों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

प्रकृति से जुड़ने का दिया संदेश- उपस्थित वक्ताओं ने विद्यार्थियों को बचपन से ही पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाने पर बल दिया। युवाओं ने स्वच्छता, हरियाली और प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के संबंध में अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी उपस्थित सदस्यों ने लगाए गए पौधों की निरंतर देखरेख करने, उन्हें सुरक्षित घेरे में रखने और भावी पीढ़ी के लिए एक स्वच्छ व सुंदर वातावरण निर्मित करने की शपथ ली।

37वीं क्षेत्रीय खो-खो प्रतियोगिता का भव्य आगाज, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

विद्या भारती के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर में सजने लगा खेल का महाकुंभ

शहडोल। नगर के पांडव नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में रविवार को विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के मार्गदर्शन में आयोजित 37वीं क्षेत्रीय खो-खो प्रतियोगिता का गरिमामय एवं भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र के दौरान विभिन्न अंचलों से पधारे बाल खिलाड़ियों के उत्साह और खेल भावना से पूरा परिसर ऊर्जावान हो उठा।

दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना से हुआ शुभारंभ- कार्यक्रम की शुरुआत विघ्नहर्ता प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश के पूजन, मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों ने मैदान में उतरकर प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन नहीं हैं, बल्कि यह

जीवन में अनुशासन, परस्पर सहयोग, आत्मविश्वास और नेतृत्व की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं।

शिक्षा और समाज की प्रमुख हस्तियों की रही उपस्थिति- इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त (विकास) मुद्रिका सिंह, विभाग समन्वयक राम शिरोमणि शर्मा, क्षेत्रीय क्रीड़ा संयोजक भास्कर वडनेरकर, विद्यालय व्यवस्थापक विष्णु कांत मिश्रा, महाकौशल प्रांत क्रीड़ा संयोजक प्रमोद नेमा, प्रांतीय घोष संयोजक पुष्पेंद्र सिंह परमार, वनांचल शिक्षा प्रांत प्रमुख राजेंद्र मिश्रा, पूर्व व्यवस्थापक व समाजसेवी सुरेंद्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष अभिषेक चौकसे तथा पूर्व व्यवस्थापक संतोष लोहानी सहित प्रबुद्ध नागरिक एवं विद्यालय परिवार के पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के प्रथम दिन विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। आयोजकों ने सभी सहभागी खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता में शहडोल का दमदार प्रदर्शन, खिलाड़ियों ने जीते 7 पदक

अथर्व सिंह टेकाम ने जीता स्वर्ण, राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

शहडोल। भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में 16 से 18 सितंबर तक 25वीं मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वूशु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से पहुंचे 700 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के अलग-अलग आयु वर्ग एवं स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। इस बड़े राज्य स्तरीय मंच पर शहडोल जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का दम दिखाया और कुल सात पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया। 16 से 18 सितंबर तक चली प्रतियोगिता में शहडोल के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण, 1 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 7 पदक अपने नाम किए। स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अथर्व सिंह टेकाम का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रतियोगिता में शहडोल की टीम के खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही आत्मविश्वास के साथ मुकाबलों में हिस्सा लिया। कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच खिलाड़ियों ने अपनी तकनीक, फिटनेस और अनुशासन का बेहतर प्रदर्शन किया। इसके परिणामस्वरूप शहडोल की झोली में एक स्वर्ण, एक रजत और पांच कांस्य पदक आए।

अथर्व सिंह टेकाम ने जीता स्वर्ण पदक

शहडोल के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि अथर्व सिंह टेकाम ने हासिल की। उन्होंने अपने वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन राष्ट्रीय स्तर की वूशु प्रतियोगिता के लिए किया गया है। अथर्व के राष्ट्रीय स्तर पर चयन से शहडोल के खेल प्रेमियों और वूशु खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है।

इन खिलाड़ियों ने भी जीते पदक

शहडोल की ओर से आदित्य तिवारी ने रजत पदक हासिल किया। वहीं प्रथमेश ताम्रकर, इमरान खान, चंद्रशेखर यादव, केशव भारद्वाज एवं द्विवेदी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीते। इस तरह शहडोल के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में कुल सात पदक हासिल किए।

कोच और टीम मैनेजर की रही महत्वपूर्ण भूमिका- प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए लगातार मार्गदर्शन और प्रशिक्षण दिया गया। शहडोल टीम के जूनियर कोच के रूप में चंद्रशेखर यादव एवं कान्हा गर्ग ने जिम्मेदारी संभाली। वहीं हिमानी सिंह ने टीम मैनेजर के रूप में खिलाड़ियों के साथ रहकर व्यवस्थाओं और टीम प्रबंधन की जिम्मेदारी निभाई।

जिला वूशु संघ ने दी बधाई- शहडोल के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर शहडोल जिला वूशु संघ के जिला अध्यक्ष राजेश सोंधिया एवं जिला सचिव एवं कोच अंशुमान सिंह ने पूरी टीम और सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि लगातार मेहनत, अनुशासन और बेहतर प्रशिक्षण के माध्यम से शहडोल के खिलाड़ी राज्य के साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले का नाम रोशन कर सकते हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित अथर्व सिंह टेकाम से अब जिले को राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

खबर संक्षेप

मुख्यमंत्री स्कूटी योजना से सागर को मिली ई-स्कूटी की सौगात

मानपुर। मुख्यमंत्री स्कूटी योजना ने मेधावी विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान देने का काम किया है। मानपुर निवासी सागर गुप्ता को भी इस योजना का लाभ मिला है। सागर ने अपनी मेहनत और लगन से कक्षा 12वीं की परीक्षा में 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतिभावान छात्र सागर ने बताया कि उनके पिता का नाम राम नारायण गुप्ता है। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मानपुर से पूरी की। पढ़ाई के दौरान उन्होंने नियमित अध्ययन और मेहनत को प्राथमिकता दी, जिसका परिणाम उन्हें उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के रूप में मिला। मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के अंतर्गत सागर को ई-स्कूटी के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्राप्त हुई। योजना का लाभ मिलने पर सागर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ई-स्कूटी मिलने से उनकी आगे की पढ़ाई के लिए आवागमन आसान होगा और समय की भी बचत होगी। सागर ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित इस योजना के लिए प्रधानमंत्री जी को हृदय से धन्यवाद दिया है जिनके नेतृत्व में देश में युवा नित नये मुकाम हासिल कर रहे है। सागर ने मुख्यमंत्री के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी योजनाएं विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की राह आसान बनाती हैं।

मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर सोमवती गुप्ता को पार्टी कार्यकर्ताओं सहित शुभचिंतकों ने दी बधाई

मानपुर। भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल एवं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी परांजपे के निर्देशानुसार एवं गौरव सिरोठिया भारतीय जनता पार्टी के संभाग प्रभारी, डॉ.स्वप्ना वर्मा भाजपा संभाग प्रभारी महिला मोर्चा, राजेन्द्र पांडे जिला प्रभारी भाजपा एवं आषुतोष अग्रवाल भाजपा जिलाध्यक्ष उमरिया की सहमति से भाजपा जिलाध्यक्ष उमरिया महिला मोर्चा द्वारा जिला एवं मंडलों की कार्यकारिणी घोषित की गई, जिसमें मानपुर भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष पद पर भाजपा नेत्री सोमवती गुप्ता को मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं सहित उनके शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए हुए उन्हें बधाई दी, साथ ही शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। सोमवती गुप्ता निश्चित रूप से भाजपा महिला मोर्चा मंडल मानपुर की कर्मठ तेज तर्रार नेत्री है, उनके नेतृत्व में जहां संगठन को मजबूती प्रदान होगी, वहीं महिला सशक्तिकरण और मजबूती के साथ काम करेगा , सोमवती गुप्ता ने बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जो उन पर विश्वास जताया है और उन्हें जो मानपुर महिला मोर्चा की जवाबदारी सौंपी है, वह उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगी और संगठन को मजबूती प्रदान करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।

जिला खनिज प्रतिष्ठान योजना अंतर्गत कार्य पालिका समिति की बैठक आज

उमरिया। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 21 सितंबर को अपरान्ह 5 बजे से जिला खनिज प्रतिष्ठान अंतर्गत कार्य पालिका समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए पंचवर्षीय कार्य योजना तैयार करने सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता आयोजन के संबंध में बैठक आज

उमरिया। राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के अंतर्गत उमरिया जिले में 25 सितंबर से 28 सितंबर तक 14 वर्ष आयु वर्ग के बालक की प्रतियोगिता आयोजित होगी तथा 14 वर्ष कम आयु वर्ग के बालकों की हैंड बॉल प्रतियोगिता 27 से 31 अक्टूबर तक जिला मुख्यालय में आयोजित की जाएगी। तैयारी के संबंध बैठक कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता में 21 सितंबर को समय सीमा की बैठक के पश्चात आहूत की गई है।

आज से तीन दिवसीय शिविर

उमरिया। स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन 2026 योजना के तहत जिले की सात तहसीलों में ग्राम स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है । द्वितीय चरण में शिविरों का आयोजन 21,22 एवं 23 सितंबर को किया गया है। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने बताया कि स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना अंतर्गत 196 ग्रामों में शिविर आयोजित होगे।

विश्वकर्मा जयंती पर शिक्षा और एकता का संदेश

उमरिया के बड़छड़ में समाज आयोजन

विधायक मीना सिंह ने बच्चों की शिक्षा को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बताया

मानपुर। भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम ग्राम पंचायत बड़छड़ में विश्वकर्मा समाज द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से समाज के प्रबुद्धजन, समाजसेवी, वरिष्ठ नागरिक, युवा तथा बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिश विश्वकर्मा ने की, जबकि मंच का संचालन मूलचंद विश्वकर्मा और रामसिया विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना और आरती के साथ हुई। उपस्थित वक्ताओं ने धार्मिक परंपराओं में भगवान विश्वकर्मा को वास्तुकला, शिल्प और निर्माण से जुड़े देवता के रूप में वर्णित किया। वक्ताओं के अनुसार, कुछ धार्मिक कथाओं में उन्हें विभिन्न दिव्य निर्माणों और अस्त्र-शस्त्रों के निर्माता के रूप में बताया गया है। इनमें भगवान विष्णु का सुदर्शन चक्र, भगवान शिव का त्रिशूल और इंद्र का वज्र जैसे प्रसिद्ध दिव्य अस्त्र शामिल किए जाते हैं। रावण की स्वर्ण लंका के निर्माण का संबंध भी कुछ परंपराओं में भगवान विश्वकर्मा से जोड़ा जाता है। ये विवरण धार्मिक मान्यताओं और कथाओं पर आधारित हैं।

हुनर से आधुनिक तकनीक तक

वक्ताओं ने कहा कि समय के साथ तकनीक और निर्माण की पद्धतियों में बदलाव आया है, लेकिन रचना, हुनर और सृजन की परंपरा आज भी भगवान विश्वकर्मा से जुड़ी सांस्कृतिक मान्यताओं से प्रेरणा लेती है। आज इंजीनियर, कारीगर, तकनीकी विशेषज्ञ, कलाकार और विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार करने वाले लोग अपने-अपने कार्यों के माध्यम से सृजनात्मक परंपराओं को आगे बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम में बड़छड़, मुडग़ुड़ी, सलैया, बचहा, अमरपुर, देवगवां, खिलौंध, मुगमानी, बघेली, हरदुआ, उमरिया, पंडखुड़ी, जोबी, पलझा, चंदवार और झाल सहित विभिन्न क्षेत्रों से समाज के लोग पहुंचे।

विधायक मीना सिंह ने किया माल्यार्पण

कार्यक्रम में मानपुर विधानसभा की विधायक मीना सिंह भी शामिल हुईं। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना कर समाज और क्षेत्र की खुशहाली, स्वास्थ्य तथा समृद्धि की कामना की।अपने उद्बोधन में विधायक ने बच्चों की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को बेहतर भविष्य देने के लिए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना समाज और परिवारों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने क्षेत्र की आवश्यकताओं और जनहित से जुड़े विषयों पर शासन स्तर पर यथासंभव प्रयास किए जाने की बात कही।

शिक्षा समाज की दिशा बदलने में सहायक हो सकती है

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मूलचंद विश्वकर्मा ने शिक्षा को समाज की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार बताया। उन्होंने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए एक प्रचलित प्रेरक कथन का उल्लेख किया, शिक्षा वह शेरनी है, जो इसका दूध पीएगा, वह हर जगह दहाड़ेगा। इस संदेश के माध्यम से अभिभावकों, युवाओं और बच्चों को शिक्षा के महत्व पर विचार करने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने समाज से अपील की कि परंपरागत हुनर के साथ-साथ नई पीढ़ी को आधुनिक शिक्षा और तकनीकी ज्ञान से भी जोड़ा जाए। बच्चियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति, मैजिशियन ने किया मनोरंजन कार्यक्रम में छोटी-छोटी बच्चियों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं, समाज के कलाकार एवं मैजिशियन ललित विश्वकर्मा ने जादू और मनोरंजन से जुड़ी प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित लोगों ने देखा।

ज्ञान की भी हुई परीक्षा, प्रतिभाओं का सम्मान

कार्यक्रम में हीरालाल विश्वकर्मा द्वारा प्रश्नोत्तरी और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। आयोजकों के अनुसार, लगभग 10 प्रतिभागियों का चयन कर उन्हें सम्मानित और पुरस्कृत किया गया। इस पहल के माध्यम से बच्चों और युवाओं में ज्ञान, प्रतियोगी भावना और शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने का प्रयास किया गया।

एक मंच पर समाज की एकजुटता

विश्वकर्मा जयंती का यह आयोजन भगवान विश्वकर्मा की पूजा के साथ-साथ परंपरा, हुनर, शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक एकजुटता पर केंद्रित रहा। मंच से वक्ताओं ने कहा कि समाज की प्रगति में नई पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका है और बच्चों को हुनर के साथ शिक्षा उपलब्ध कराना भविष्य के लिए उपयोगी हो सकता है। भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर उमरिया के बड़छड़ में आयोजित इस कार्यक्रम में यह संदेश प्रमुखता से सामने आया। हुनर हमारी पहचान है, शिक्षा हमारा भविष्य और एकता हमारी ताकत।

बांधवगढ़ में 24 सितंबर से होगा हाथी महोत्सव

पांच दिनों तक हाथियों को मिलेगा आराम, स्वास्थ्य परीक्षण के साथ विशेष आहार की भी होगी व्यवस्था

उमरिया। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथियों के लिए पांच दिवसीय हाथी महोत्सव का आयोजन 24 से 28 सितंबर 2026 तक किया जाएगा। इस दौरान कैंप में तैनात हाथियों को नियमित कार्य से विश्राम दिया जाएगा तथा उनकी देखभाल के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। हाथी महोत्सव के दौरान हाथियों को नहलाने के साथ तेल मालिश एवं चंदन-वंदन किया जाएगा। साथ ही हाथियों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया जाएगा। इस अवसर पर हाथियों को केला, गन्ना, नारियल, रोटी सहित उनकी पसंद का विशेष आहार उपलब्ध कराया जाएगा। इस वर्ष हाथी महोत्सव का आयोजन पारंपरिक ताला गेट के स्थान पर धमोखर बफर क्षेत्र के परासी गेट में किया जा रहा है। आयोजन स्थल में बदलाव का उद्देश्य अधिक से अधिक स्थानीय लोगों एवं पर्यटकों को महोत्सव से जोडऩा तथा हाथियों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में धमोखर बफर क्षेत्र का प्रवेश द्वार परासी है। हाथी महोत्सव के माध्यम से हाथियों की देखभाल, संरक्षण एवं उनके प्रति संवेदनशीलता का संदेश जनसामान्य तक पहुंचाया जाएगा।

मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम में कलेक्टर ने कृषक से किया उद्यम संवाद

उमरिया। सेवा संकल्प अभियान के तहत मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम में गत दिवस कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने पाली विकासखंड के घुनघुटी क्षेत्र में पतनार मिश्रा कृषि फार्म के प्रगतिशील कृषक समर्थ पवन मिश्रा से उद्यम संवाद करते हुए सब्जी उत्पादन में किए जा रहे कार्य की जानकारी ली। इस अवसर पर कृषक समर्थ ने बताया कि 98 एकड क्षेत्र में सब्जी का उत्पादन किया जा रहा है। जिसमें करेला, खीरा, लौकी, मिर्ची, टमाटर व अन्य सब्जियां उत्पादित होती है। इन सब्जियों को उमरिया जिले के साथ साथ रीवा, सतना, जबलपुर व बिलासपुर जैसे शहरों को भेजा जाता है। कृषक व्दारा उद्यानिकी विभाग से पांच हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रिप ऐरीगेशन योजना का लाभ भी लिया गया है। समर्थ मिश्रा ने बताया कि उनके फार्म में तीन सौ व्यक्तियो को रोजगार दिया गया है। उद्योग संवाद मे उन्होने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि कृषि को लाभ का धंधा बनाया जा सकता है। कलेक्टर ने फार्म संचालक को जैविक खाद के लाभ बताते हुए जैविक खेती से सब्जी उत्पादन का सुझाव दिया। उन्होने कहा कि कृषक श्री मिश्रा व्दारा की जा रही उद्यानिकी फसल के अनुभव का लाभ लेकर अन्य कृषक भी प्रेरणा लेंगे।







कोतमा में जगह-जगह विराजे गणेश भगवान, वर्षों पुरानी परंपरा में गूंज रहा गणपति बप्पा मोरया

कोतमा। "वक्रतुंड महाकाय, सूर्यकोटि समप्रभ..." के जयघोष के साथ नगर का वातावरण गणेशमय बना हुआ है। कोतमा में जगह-जगह गणपति प्रतिमाएं विराजमान हैं और पंडालों में सुबह-शाम पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। खास बात यह है कि नगर में गणेश उत्सव की परंपरा नई नहीं, बल्कि कई समितियां दशकों से लगातार भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर आस्था और सामाजिक एकता की मिसाल कायम कर रही हैं। वार्ड क्रमांक-5 की एकता गणेश उत्सव समिति वर्ष 1985 से लगातार गणेश प्रतिमा स्थापित करती आ रही है। वहीं रेलवे कॉलोनी की एकता गणेश पूजन उत्सव समिति वर्ष 1998 से लगातार 28 वर्षों से पंडाल में गणेश प्रतिमा स्थापित कर उत्सव मना रही है। इसी तरह वार्ड क्रमांक-8 के साहू मोहल्ले में एकदंता गणेश उत्सव समिति वर्ष 2016 से गणेश प्रतिमा स्थापित कर रही है। विकास नगर की विकास गणेश उत्सव समिति द्वारा वर्ष 2022 से गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। नगर के अलग-अलग मोहल्लों में सजे आकर्षक पंडालों में भगवान गणेश के दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कहीं आरती तो कहीं भजन-कीर्तन के आयोजन हो रहे हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में गणेश उत्सव को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा है। पुरानी परंपराओं और नई पीढ़ी की भागीदारी के साथ कोतमा में गणेशोत्सव आस्था, भक्ति और सामाजिक जुड़ाव का पर्व बन गया है।

धूमधाम से मना आचार्य श्री चंद्रदेव जी महाराज का 532वां प्राकट्योत्सव

अमरकंटक। पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित श्री कल्याण सेवा आश्रम में उदासीन संप्रदाय के महान संत आचार्य श्री श्री चंद्रदेव जी महाराज का 532वां प्राकट्योत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही आश्रम परिसर वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों से गूंजता रहा। विशेष पूजन-अर्चन के बाद आयोजित विशाल भंडारे में संत-महात्माओं के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्राकट्योत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री चंद्रदेव जी महाराज का स्मरण कर उनके चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए। पूरे आश्रम परिसर में दिनभर भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। श्री कल्याण सेवा आश्रम के प्रबंध न्यासी स्वामी हिमाद्री मुनि जी महाराज ने कहा कि उदासीन संत परंपरा ने भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और आध्यात्मिक चेतना के संरक्षण के साथ मानव सेवा एवं लोककल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आचार्य श्री चंद्रदेव जी महाराज की शिक्षाएं आज भी समाज को सेवा, त्याग, साधना और सामाजिक समरसता का संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि मानव मात्र के कल्याण और भेदभाव से ऊपर उठकर सत्य एवं सेवा के मार्ग पर चलना ही संत परंपरा का मूल संदेश है। **ज्ञान और भक्ति के समन्वय का दिया संदेश-** धार्मिक परंपरा के अनुसार आचार्य श्री चंद्रदेव जी महाराज का प्राकट्य भाद्रपद शुक्ल पक्ष की नवमी, संवत 1551 को हुआ था। उनका बाल्य नाम चंद्रदेव बताया जाता है। परंपरा में उन्हें श्री गुरु नानकदेव जी महाराज के सुपुत्र के रूप में स्मरण किया जाता है। उदासीन संप्रदाय की परंपरा में उनके योगदान को विशेष महत्व दिया जाता है। संत परंपरा में उन्हें त्याग, तपस्या और वैराग्य की प्रतिमूर्ति के रूप में श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाता है। **संत-महात्माओं ने अर्पित किए श्रद्धासुमन-** प्राकट्योत्सव में स्वामी धर्मानंद जी महाराज, स्वामी शांतानंद जी महाराज, स्वामी नर्मदानंद जी महाराज, स्वामी रामेश्वरानंद जी महाराज, स्वामी रामानंद जी महाराज सहित आश्रम के पुजारी पंडित संदीप ज्योतिषी, पंडित सुनील दुबे एवं अनेक संत-महात्मा और श्रद्धालु उपस्थित रहे। संतों ने आचार्य श्री चंद्रदेव जी महाराज के जीवन एवं आध्यात्मिक योगदान का स्मरण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए।

बिना संघर्ष मजदूरों को हक नहीं मिलेगा-हरिद्वार सिंह

बदरा/जमुना। कोयला उद्योग में 12वें वेतन समझौते, बोनस और आंदोलन की रणनीति को लेकर मजदूर नेता हरिद्वार सिंह ने कहा कि बिना संघर्ष और एकजुटता के मजदूरों को उनका हक नहीं मिलेगा। उन्होंने पांचों श्रमिक यूनियनों से मतभेद भुलाकर मजदूर हित में एकजुट रहने की अपील की। हरिद्वार सिंह ने बताया कि 12वें वेतन समझौते को लेकर जेबीसीसीआई की प्रक्रिया चल रही है।



अपेक्स जेसीसी की बैठक में कोल इंडिया प्रबंधन के साथ सकारात्मक चर्चा हुई है। प्रबंधन की ओर से मंत्रालय को पत्र भेजे जाने की बात कही गई है। इसके बाद आगे की प्रक्रिया स्पष्ट होगी। उन्होंने कहा कि अब तक कोई भी जेबीसीसीआई वेतन समझौता बिना संघर्ष के लागू नहीं हुआ है। इसलिए मजदूरों की एकता बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने बताया कि 3 और 4 अक्टूबर को कोलकाता में अपेक्स जेसीसी की बैठक प्रस्तावित है। इसमें बोनस सहित श्रमिकों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि दुर्गा पूजा और दशहरा से पहले बोनस का भुगतान हो सकता है। पिछले वर्ष मजदूरों को 1 लाख 3 हजार रुपये बोनस मिला था। इस बार यूनियनों की कोशिश बोनस राशि बढ़ाने की है। उत्पादन और डिस्पैच में वृद्धि का हवाला देते हुए हरिद्वार सिंह ने कम से कम 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि अंतिम राशि आगामी वार्ता के बाद तय होगी। उन्होंने दोहराया कि वेतन समझौते और बोनस जैसे मुद्दों पर पांचों यूनियनों की एकजुटता ही मजदूरों की सबसे बड़ी ताकत है।

साइबर सेल की मदद से कोतमा पुलिस ने खोज निकाले 20 गुम मोबाइल 2.20 लाख रुपए कीमत के मोबाइल बरामद, धारकों के चेहरे पर लौटी खुशी

कोतमा। गुम हुए मोबाइल फोन की तलाश के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतमा पुलिस ने 20 मोबाइल फोन दस्तयाब कर उनके धारकों को वापस सौंपे। बरामद मोबाइल की कुल कीमत करीब 2.20 लाख रुपए बताई गई है। मोबाइल वापस मिलने पर धारकों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए खुशी जाहिर की। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर विक्रांत मुराव के निर्देश पर जिलेभर में गुम हुए मोबाइल फोन की तलाश कर उन्हें उनके वास्तविक धारकों तक पहुंचाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर एवं एसडीओपी कोतमा के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतमा रत्नाम्बर शुक्ल ने मोबाइल फोन तलाशने के लिए पुलिस टीम गठित की। पुलिस टीम ने साइबर सेल अनूपपुर की मदद से तकनीकी माध्यमों से तलाश करते हुए 20 गुम मोबाइल फोन दस्तयाब किए। रविवार को सभी मोबाइल उनके संबंधित धारकों को सुपुर्द किए गए। लंबे समय से गुम मोबाइल वापस मिलने पर आवेदकों ने पुलिस टीम के प्रति आभार जताया। मोबाइल फोन दस्तयाबी की कार्रवाई में थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल के साथ प्रधान आरक्षक 173 अरविंद प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक 182 राकेश सिंह, आरक्षक 384 नरेंद्र मश्राम, आरक्षक 301 महेश साहू, महिला आरक्षक 222 दीपाली सिलावट, साइबर सेल से प्रधान आरक्षक राजेंद्र अहिरवार एवं आरक्षक पंकज मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

खबर संक्षेप

सेवा संकल्प अभियान के तहत मेरे सपनों का भारत गतिविधि का होगा आयोजन

उमरिया। प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में सेवा संकल्प अभियान के तहत 26 सितम्बर तक 'मेरे सपनों का भारत' गतिविधि के अंतर्गत सभी शैक्षणिक संस्थानों में चित्रकला, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कला प्रदर्शनी व जिला स्तरीय प्रदर्शनी में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए सेवा कार्यों एवं विकसित भारत की संकल्पना पर आधारित विभिन्न योजनाओं की सफलता की कहानियां तथा रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। नमो सेवा (अनकही कहानियां) के तहत 5 अक्टूबर तक जनपद पंचायतों में आयोजित हाट बाजारो में कला मंडलियो व्दारा स्थानीय बोल चाल की भाषा में शासन की योजनाओ का प्रचार प्रसार किया जाएगा। जिला मुख्यालय में 25 सितंबर को टोलियों व नाट्य मंडलियो को सम्मानित किया जाएगा।

विश्वकर्मा जयंती पर विधि विधान से हुई पूजा-अर्चना

उमरियापान। तहसील क्षेत्र के खिरवा पोड़ी में भगवान विश्वकर्मा की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न उद्योगों एवं व्यवसायों से जुड़े कारोबारियों ने अपने औजारों और मशीनरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। अध्यक्ष रामविशाल विश्वकर्मा और सचिव मुन्नालाल विश्वकर्मा ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा को निर्माण एवं शिल्प का देवता माना जाता है। मान्यता है कि भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करने से कारोबार में वृद्धि और समृद्धि होती है। कार्यक्रम में रोहणी विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा, दीपक विश्वकर्मा, बेडीलाल विश्वकर्मा, राजेंद्र दाहिया, दशरथ विश्वकर्मा, बसंत विश्वकर्मा, सीताराम विश्वकर्मा, शिवकुमार विश्वकर्मा, रामनरेश विश्वकर्मा, राममिलन विश्वकर्मा, उदय विश्वकर्मा, चंदू विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, दीपक चक्रवर्ती सहित समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

नगर निगम ने की कार्रवाई 6500 रुपये वसूला जुर्माना

कटनी। शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने तथा सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध नगर निगम का अभियान लगातार जारी है। निगम के स्वच्छता अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर गंदगी पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र क्रमांक 01 में 1700 रुपये, क्षेत्र क्रमांक 03 में 200 रुपये, क्षेत्र क्रमांक 06 में 2400 रुपये तथा क्षेत्र क्रमांक 07 में 200 रुपये, सहित नगर के अन्य स्थलों पर गंदगी फैलाने पर 1000 रुपये तथा डेयरी संचालक द्वारा सार्वजनिक स्थल पर गंदगी करने पर 1000 रुपये का जुर्माना किया गया। इस प्रकार कुल 6500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर निगम द्वारा नियमित निगरानी रखी जा रही है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर की स्वच्छता नागरिकों से अपील की गई है कि कचरा निर्धारित स्थान एवं निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ही डालें तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में निगम का सहयोग करें।

जबरन कब्जा एवं धमकी देने पर कार्यवाही की मांग

कटनी। सीएलपी पाठक वार्ड निवासी शंकरलाल साहू ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र सौंपकर अपनी पीड़ा बताते हुये जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। शिकायत पत्र में शंकरलाल ने उल्लेख किया है कि वह बीते 40 सालों से गोलबाजार स्थित सड़क किनारे फल दुकान लगाकर अपना व परिवार का जीविकोपार्जन करता आ रहा है। शंकरलाल ने आरोप लगाया कि रिक्की राम खटीक व तीन अन्य लोगों द्वारा उसकी तख्तानुमा लकड़ी की दुकान को बाहर फेक दिया जिससे व क्षतिग्रस्त हो गई। आरोपीगणों ने बीते 24 अगस्त को उक्त स्थान पर कब्जा कर लिया है। साथ ही मुझ आवेदक को धमकी भी दी जा रही है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय दिलाने की मांग की गई है।

कसौंधन वैश्य समाज बुढ़ार द्वारा महर्षि कश्यप जयन्ती पूरे श्रद्धा व उत्साहमय मनायी

महर्षि जी के जयन्ती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा - प्रतिभागियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुति

बुढ़ार। कसौंधन वैश्य समाज बुढ़ार द्वारा महर्षि कश्यप जयन्ती पूरे श्रद्धा व आस्था पूर्वक नगर में विविध कार्यक्रमों के मध्य मनाई गई, भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

महर्षि कश्यप जयन्ती के पुण्य अवसर पर 15 एवं 16 सितम्बर को नगर में कसौंधन वैश्य (गुप्ता) समाज की अगुवाई में नवयुवक मण्डल के उत्साहियों तथा महिला समिति द्वारा महर्षि कश्यप भगवान की भव्य शोभायात्रा में पूरे उल्लास के साथ सम्मिलित हुये और महर्षि जी के शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया तथा विधि-विधान पूर्वक पूजन-अर्चन किया गया।

कसौंधन वैश्य समाज के अध्यक्ष मंगेश गुप्ता तथा नवयुवक मण्डल अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं समाज के बन्धुओं के सहभागिता से बुढ़ार नगर में महर्षि कश्यप जयन्ती पूरे भव्यता से मनाई गई और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुति उत्साही नवयुवकों व नवयुवतियों ने प्रस्तुत की जिसकी मुक्तकंठ से सराहना की गई।

समाज के स्वजातीय बन्धुओं तथा संरक्षकों के भरपूर सहभागिता से कार्यक्रम की श्रृंखला में 15 सितम्बर को नगर के मुख्य मार्गों पर भव्य वाहन रैली निकाली गई और रात्रिकालीन कसौंधन भवन में समाज के स्वजातीय बन्धुओं ने महर्षि कश्यप भगवान की पूरे श्रद्धा व आस्था पूर्वक विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया, इसके उपरान्त मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कश्यप जयन्ती कार्यक्रम श्रृंखला में 16 सितम्बर को नगर के मुख्य मार्गों पर बाजे-गाजे व जयघोष के साथ महर्षि कश्यप भगवान की शोभायात्रा निकाली गई और जगह-जगह पूजन अर्चन किया गया जिससे समूचा वातावरण श्रद्धामय बना रहा। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावानों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले उत्साहियों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कसौंधन वैश्य समाज के संरक्षक सुरेश गुप्ता के मुख्यतिथ में कार्यक्रम आयोजित किया गया, वहीं कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने अध्यक्ष मंगेश गुप्ता, संजय गुप्ता, समाज के संरक्षकों, विशिष्ट अतिथियों, महिला समिति की भरपूर सहभागिता रही, वहीं कार्यक्रम में अयोध्या वासी समाज, केशरवानी समाज, दोसर समाज, बागेश्वर समाज के सम्मानीय जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मिट्टी के गणेश निर्माण प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई रचनात्मकता

अमलाई। नगर विकास प्रस्फुटन समिति, बरगवां (अमलाई) द्वारा बच्चों में कला, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से "मिट्टी के गणेश जी बनाओ" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने हाथों से सुंदर एवं आकर्षक गणेश प्रतिमाएं तैयार कीं।समिति की ओर से विमल दुबे ने बताया कि बच्चों ने मिट्टी और पर्यावरण अनुकूल सामग्री से भगवान गणेश की प्रतिमाएं बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना है।प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों में आदर्श शुक्ला, अंश चौरसिया, वैष्णवी द्विवेदी, शिवांगी द्विवेदी, माही वैरागी, अनय गुप्ता, आर्यन गुप्ता, सुमित वर्मा, आदित्य वर्मा, आरव पाठक, अमित तथा निखिल शामिल रहे। अभिभावकों ने भी बच्चों की रचनात्मकता की सराहना की।समिति द्वारा बताया गया कि प्रतियोगिता के विजेताओं को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को स्वच्छता, हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

कैंसर एवं कुपोषण जागरूकता संबंधी निशुल्क शिविर संपन्न

उमरिया। जिला न्यायालय में शैल्वी हॉस्पीटल जबलपुर एवं रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में कैंसर एवं कुपोषण जागरूकता संबंधी निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश श्री प्रियदर्शन शर्मा द्वारा किया गया। शिविर में शैल्बी हॉस्पीटल टल जबलपुर के चिकित्सक डॉ0 दीपांशु साहू द्वारा कैन्सर होने के कारण, उसके लक्षण एवं निदान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई और निःशुल्क जांच की गई। शिविर में 87 लाभार्थी चिकित्सीय जांच व सलाह से लाभान्वित हुये।

इस अवसर पर अरूण प्रताप सिंह प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, अहमद रजा जिला न्यायाधीश, स्वाति कुशल धारीवाल जिला न्यायाधीश, दीपक कुमार अग्रवाल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मोहन डावर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आशीष धुर्वे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सरफराज खान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, पुष्पराज सिंह अध्यक्ष अधिवक्ता संघ , डॉ0 विश्वनाथ प्रताप सिंह, डॉ0 संदीप सिंह, डॉ0 अतुल तिवारी, डॉ0 मुकुल तिवारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सुरेशचंद मित्राणी, दिनकर प्रसाद तिवारी, विजय राय, गजराज सिंह वैश्य, न्यायालयीन कर्मचारीगण, ऋषभ त्रिपाठी, सोनम सोनी एवं कृष्ण कुमार शुक्ला की उपस्थिति रही।

जगन्नाथपुरी यात्रा के लिए ट्रेन 8 अक्टूबर को रवाना होगी

उमरिया। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जगन्नाथपुरी के लिए स्पेशल ट्रेन 8 अक्टूबर को रवाना होगी । जिले के लिए आवंटित तीर्थ यात्रियों की संख्या 150 है। तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन 23 सितंबर तक प्राप्त किए जाएगे। आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट ीजजचेरूध्ध्कींतउेंअंण्उचण्हव अण्पद किए जा सकते है । कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने बताया कि ऐसे वरिष्ठ नागरिक जिनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक है, (महिलाओ के लिए दो वर्ष की छूट) तथा जो आयकर दाता नही है, को प्रदेश के भीतर एवं बाहर स्थित विभिन्न अधिसूचित तीर्थ स्थलो की यात्रा कराए जाने का प्रावधान है । मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के प्रावधानों के तहत 65 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे व्यक्ति जो अकेले यात्रा करने के लिए आवेदन करते है उन्हे एक सहायक साथ ले जाने की पात्रता होगी। इसके अतिरिक्त 3 से 5 व्यक्तियो के समूह (जहां सभी सदस्य 65 वर्ष से अधिक आयु के हो) को एक सहायक ले जाने की अनुमति होगी। (जबकि पति पत्नी के साथ यात्रा करने की स्थिति में सहायक की अनुमति नही होगी। सहायक का संबंधी होना अनिवार्य नही है ।कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करकेली, पाली, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका उमरिया, पाली नगर परिषद चंदिया, नौरोजाबाद, मानपुर से कहा है कि समस्त आवेदन केवल निर्धारित तीर्थ यात्रा पोर्टल के माध्यम से ही दर्ज किए जाए तथा किसी अन्य माध्यम जैसे व्हाटसएप आदि से प्राप्त आवेदन स्वीकार नही किए जाएगे । उन्होने कहा है कि 23 सितंबर को दोपहर 2 बजे तक समस्त आवेदनों की प्रविष्टि पोर्टल पर पूर्ण कर ली जाए। निर्धारित कोटे से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में पात्र आवेदको का चयन कम्प्यूटीकृत लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा । आवेदको की समस्त जानकारी जैसे नाम , आधार क्रमांक, मोबाइल नंबर, पूर्ण पता आदि का सत्यापन करते हुए पोर्टल पर प्रविष्टि की जाए। ऐसे आवेदक जिन्होंने पूर्व में योजना का लाभ प्राप्त कर लिया है उनके आवेदन स्वीकार नही किए जाए ।

चांडा वनग्राम में एसडीएम का निरीक्षण

बजाग। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) बजाग ने चांडा वनग्राम स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की जानकारी लेते हुए अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।विद्यालय निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षकों की नियमितता तथा पाठ्यक्रम की प्रगति और पूर्णता की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ शिक्षण कार्य की गुणवत्ता में सुधार पर जोर दिया। साथ ही निर्धारित समय-सीमा में पाठ्यक्रम पूरा कराने और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद एसडीएम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।

मरीजों को रोगी सहायता समूह की बैठक में उपचार एवं योजनाओ की दी गई जानकारी

उमरिया। जिला चिकित्सालय के सभाकक्ष में थैलेसीमिया मरीजों एवं उनके देखभालकर्ताओं के लिए रोगी सहायता समूह की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थैलेसीमिया से पीड़ित 8 मरीज, 12 देखभालकर्ता, स्वास्थ्य विभाग के 4 अधिकारी-कर्मचारी तथा पैथ संस्था के एक प्रतिनिधि सहित कुल 25 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। बैठक में थैलेसीमिया कार्यक्रम प्रभारी एवं नोडल अधिकारी डॉ. मुकुल द्वारा परिवार एवं प्रसवपूर्व स्क्रीनिंग, शरीर में पर्याप्त हीमोग्लोबिन स्तर बनाए रखने, नियमित प्रयोगशाला जांच तथा सुरक्षित एवं समय पर रक्ताधान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने एच एल ए टाइपिंग एवं अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण बीएमटी जैसे उपचार विकल्पों के बारे में भी बताया। इंटरैक्टिव सत्र के दौरान मरीजों एवं देखभालकर्ताओं ने अपने अनुभव साझा किए। निदान, उपचार, नियमित रक्ताधान, दैनिक जीवन में रोग के प्रबंधन तथा थैलेसीमिया से जुड़ी भावनात्मक एवं मनोवैज्ञानिक चुनौतियों पर चर्चा की गई। शरीर में दर्द, सामाजिक कलंक, भेदभाव और रोग से जुड़ी जटिलताओं के डर जैसी चिंताओं पर भी स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने जानकारी दी।

बैठक में किशोरों एवं परिवार के अन्य सदस्यों की नियमित स्क्रीनिंग को बढ़ावा देने तथा समय पर जांच और उपचार कराने पर जोर दिया गया। प्रतिभागियों को विकलांगता प्रमाण-पत्र, वित्तीय सहायता, शैक्षणिक एवं यात्रा सहायता सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के बारे में भी बताया गया।

वाराणसी से बडनगर सेवा यात्रा आज उमरिया जिले में प्रवेश करेगी

उमरिया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक निरंतर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं । कार्यक्रम आयोजन की श्रृंखला में वाराणसी से बडन्नगर तक की बाईकर्स के साथ सेवा संकल्प यात्रा 21 सितंबर को उमरिया जिले में प्रवेश करेगी। यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन सेवा से राष्ट्र सेवा के 25 वर्षों से निरंतर चल रहे सेवा कार्यों एवं जन कल्याणकारी प्रयासों की जानकारी विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आम जन तक पहुंचाई जाएगी। यात्रा के जिले के आगमन पर विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता, पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण कला एवं युवा जागरूकता से जुडे कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। सेवा संकल्प यात्रा 21 सितंबर को सायं 4.30 बजे ग्राम बल्हौड में प्रवेश करेगी । तदुपरांत सायं 7 बजे मानपुर में यात्रा के सदस्यों व्दारा ग्रामीणों से संवाद किया जाएगा तथा वृक्षारोपण का कार्यक्रम होगा। यात्रा मानपुर में ही विश्राम करेगी। व्दितीय दिवस में सेवा संकल्प यात्रा सुबह 9.30 बजे से 10.30 बजे तक ताला में हितग्राही संवाद करेगी , तदुपरांत पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसी क्रम में दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक ग्राम बरबसपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाएगा। यात्रा अपरान्ह 2 बजे उमरिया पहुंचेगी जहां 4 बजे तक गौशाला में पशु सेवा, स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यात्रा सायं 5 बजे से 5.30 बजे तक निगहरी में आयुष्मान लाभार्थी से संवाद करने के उपरांत शहपुरा जिला डिंडौरी के लिए प्रस्थान करेगी।

जानलेवा हमले का फरार आरोपी 8 माह बाद गिरफ्तार

जमीनी विवाद में 65 वर्षीय वृद्ध पर लाठी-डंडों से किया था हमला, न्यायालय ने भेजा जेल

कोतमा। कोतमा पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में पिछले आठ माह से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी नरेश कुमार साहू 40 बर्ष के विरुद्ध धारा 109(1), 296 एवं 351 के तहत अपराध पंजीबद्ध था। पुलिस के अनुसार आरोपी घटना के बाद लगातार अपना ठिकाना बदलकर फरारी काट रहा था। शुक्रवार को गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया। विवेचक आरएन तिवारी के अनुसार 6 जनवरी को जमीनी विवाद को लेकर भागवत प्रसाद साहू 65 बर्ष

पूजा कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान अशोक तिराहे के पास आरोपी नरेश साहू ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। हमले में वृद्ध के सिर, पीठ और पैर में गंभीर चोटें आई थीं। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कोतमा पुलिस की टीम लगातार तलाश में जुटी थी। थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल के नेतृत्व में पुलिस टीम को आरोपी के संबंध में मुखबिर से सूचना मिली, जिसके आधार पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल ने बताया कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए पिछले आठ माह से लगातार स्थान बदल रहा था। पुलिस की लगातार सक्रियता और मुखबिर तंत्र की सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

वैधानिक प्रमाणपत्र पर कोल इंडिया कर्मचारियों को एक लाख इंसेंटिव

राजनगर। अनूपपुर जिले सहित कोल इंडिया लिमिटेड व साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड एवं अन्य सहायक कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों कंपनी ने इंसेंटिव की नयी व्यवस्था लागू की है। निर्धारित वैधानिक दक्षता प्रमाणपत्र हासिल करने वाले पात्र कर्मचारियों को एकमुश्त एक लाख रुपये का इंसेंटिव दिया जायेगा। इस योजना को कोल इंडिया बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद कार्यालय ज्ञापन जारी किया गया है। योजना में इलेक्ट्रिकल सुपरवाइजरी सर्टिफिकेट, अनरिस्ट्रिक्टेड सरदार सर्टिफिकेट ऑफ कॉम्पिटेंसी और माइन सर्वेयर सर्टिफिकेट जैसे निर्धारित वैधानिक प्रमाणपत्र शामिल हैं. संबंधित प्रमाणपत्र हासिल करने वाले पात्र कर्मचारियों को तय नियमों और शर्तों के आधार पर इंसेंटिव का लाभ मिलेगा। जिन कर्मचारियों ने संबंधित वैधानिक प्रमाणपत्र पहले ही हासिल कर लिया है, लेकिन उसे कंपनी में जमा नहीं किया है, उनके लिए भी प्रमाणपत्र निर्धारित समय-सीमा में जमा करने का प्रावधान किया गया है. इसके बाद पात्रता की जांच के आधार पर इंसेंटिव का भुगतान किया जायेगा। इंसेंटिव का लाभ केवल प्रमाणपत्र हासिल करने तक सीमित नहीं होगा। प्रमाणपत्र के आधार पर संबंधित वैधानिक पद पर चयन या तैनाती और उसके बाद पद पर योगदान करना भी जरूरी होगा। निर्धारित पद पर योगदान नहीं करने की स्थिति में कर्मचारी को दी गयी इंसेंटिव राशि की वसूली की जा सकती है। योजना से वैधानिक दक्षता प्रमाणपत्र हासिल करने वाले कर्मचारियों को कंपनी में संबंधित जिम्मेदारी के लिए आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

खबर संक्षेप

धूमधाम से मनाया महर्षि कश्यप ऋषि का प्रकटोत्सव

अनूपपुर। कसौधन समाज अनूपपुर द्वारा शनिवार को आस्था होटल में महर्षि कश्यप ऋषि का प्रकटोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों और महिला मंडल की सदस्यों ने सहभागिता करते हुए महर्षि कश्यप ऋषि का स्मरण किया। कार्यक्रम समाज के संरक्षक जनार्दन गुप्ता एवं चंद्रशेखर गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामकरण गुप्ता, प्रदेश महामंत्री ज्ञानचंद गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता तथा राष्ट्रीय आजीवन सदस्य जगदीश गुप्ता के सान्निध्य में हुआ। समाज के जिलाध्यक्ष सुशील गुप्ता, महामंत्री अशोक गुप्ता एवं नगर इकाई अध्यक्ष अशोक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। महिला मंडल की ओर से श्रीमती ज्ञानवती गुप्ता, श्रीमती तुलसा गुप्ता, श्रीमती अंजना गुप्ता, श्रीमती सुधा गुप्ता और श्रीमती प्रेमलता गुप्ता सहित अन्य महिलाओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की। इस दौरान समाज की एकजुटता, आपसी सहयोग और सामाजिक संस्कारों को मजबूत करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन कुमारी देवांसी गुप्ता एवं आराधना गुप्ता ने किया। समापन अवसर पर समाज के संरक्षक जनार्दन गुप्ता ने कार्यक्रम में शामिल सभी समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

स्वस्थ जीवन का संदेश, तंबाकू से दूरी का संकल्प

अनूपपुर। सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत संस्कार विधि महाविद्यालय, अनूपपुर में स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. शिवेन्द्र द्विवेदी, डॉ. अंजली मिश्रा, श्रीमती कल्पना मरावी एवं सुश्री इंद्रावती ने विद्यार्थियों को तंबाकू मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। विशेषज्ञों ने कुष्ठ रोग, एड्स नियंत्रण, बचाव एवं स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करने तथा स्वयं के साथ समाज के अन्य लोगों को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार द्विवेदी ने विद्यार्थियों से स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

पुलिस लाइन में स्वास्थ्य शिविर, 104 जवानों व परिजनों की हुई स्वास्थ्य जांच

अनूपपुर। पुलिस जवानों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य को लेकर रविवार को पुलिस लाइन अनूपपुर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम के मार्गदर्शन एवं सूबेदार अम्बरीष साहू के नेतृत्व में आयोजित शिविर में कुल 104 पुलिस जवानों एवं उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस जवानों एवं उनके परिवारों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारियां चुनौतीपूर्ण होती हैं, ऐसे में स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने जवानों को बेहतर स्वास्थ्य एवं पारिवारिक-सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए नशे से दूर रहने की सलाह भी दी। शिविर में अमृता हॉस्पिटल शहडोल से पहुंचे चिकित्सकों के दल ने पुलिस जवानों एवं उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों ने जांच के साथ स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों, जीवनशैली और उपचार को लेकर उचित मार्गदर्शन भी दिया।

दोस्तों के साथ केवई नदी में रील बनाने और नहाने गया था 15 वर्षीय अभिषेक

15 घंटे बाद मिला किशोर का शव, रातभर चला रेस्क्यू अभियान

कोतमा। शनिवार को दोस्तों के साथ केवई नदी में नहाने और रील बनाने गया 15 वर्षीय किशोर अभिषेक उर्फ गोलू पाटस्कर तेज बहाव में डूब गया। करीब 15 घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद रविवार सुबह घटनास्थल से कुछ दूरी पर उसका शव बरामद किया गया। शनिवार को प्रशासन, पुलिस, रेस्क्यू टीम और स्थानीय गोताखोरों ने करीब सात घंटे तक लगातार नदी में तलाश की। रात करीब 12 बजे तक अभियान चलाया गया, लेकिन अंधेरा और नदी की गहराई के कारण सफलता नहीं मिल सकी। रविवार सुबह दोबारा तलाश शुरू होने के करीब एक घंटे के भीतर किशोर का शव बरामद कर लिया गया। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 6 निवासी माधव पाटस्कर का 15 वर्षीय पुत्र अभिषेक कक्षा 10वीं का छात्र था। शनिवार को स्कूल से लौटने के बाद वह बनियाटोला निवासी अपने दोस्तों मोहसिन रजा और अयाज अंसारी के साथ केवई नदी पहुंचा था। बताया गया कि तीनों नदी किनारे चट्टान से कूदकर नहाने के साथ मोबाइल से रील बना रहे थे। इसी दौरान शाम करीब साढ़े चार बजे अभिषेक गहरे पानी में कूद गया और तेज बहाव की चपेट में आकर बह गया। घटना के बाद अभिषेक के दोस्तों ने तत्काल मोबाइल से उसके परिजनों को सूचना दी। खबर मिलते ही परिजन, पुलिस-प्रशासन और बड़ी संख्या में नगरवासी घटनास्थल पर पहुंच गए। रेस्क्यू टीम और स्थानीय गोताखोरों ने नदी में उतरकर किशोर की तलाश शुरू की। करीब सात घंटे तक लगातार सर्चिंग के बावजूद उसका पता नहीं चल सका। इसके बाद नदी के करीब दो किलोमीटर क्षेत्र में भी गहरे पानी में तलाश की गई। रात में रेस्क्यू अभियान जारी रखने के लिए नगर पालिका की ओर से लाइट, जनरेटर, जाल सहित अन्य जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए गए। स्थानीय गोताखोरों के अनुसार लहसुई रपटा के पास केवई नदी का यह हिस्सा काफी गहरा और कई जगह खोह नुमा है, जिसके कारण पानी के भीतर तलाश करने में काफी दिक्कतें आईं। अभिषेक के नदी में डूबने की खबर के बाद उसके परिजन पूरी रात घटनास्थल पर मौजूद रहे। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं नगर में भी घटना को लेकर शोक का माहौल रहा। किशोर की तलाश के दौरान कोतमा में सामाजिक एकता की तस्वीर भी देखने को मिली। स्थानीय लोग रेस्क्यू अभियान में सहयोग के लिए मौके पर जुटे रहे। मुस्लिम समाज के युवकों ने भी अंधेरे में नदी में उतरकर कई घंटे तक किशोर की तलाश में गोताखोरों का सहयोग किया। मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष अजय कुमार सराफ, एसडीएम टीआर नाग, एसडीओपी आरती शाक्य, तहसीलदार दशरथ सिंह, थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल, सीएमओ नीलम सिंह चौहान सहित पुलिसकर्मी और नगर पालिका के कर्मचारी व्यवस्थाओं में जुटे रहे। प्रशासन ने रात में ही एम्बुलेंस और शव वाहन को घटनास्थल के पास खड़ा करा दिया था। रविवार सुबह शव बरामद होने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

सूदखोरी की शिकायत, बीते बारह दिन, नहीं दर्ज हुई एफआईआर, पुलिस पर उठे सवाल

मकान, दुकान, वाहन, गहने, जेवरात, बच्चों की स्कालरशिप भी कम पड़ी ब्याज के सामने

अनूपपुर। जिले के पुष्पराजगढ मुख्यालय में एक सूदखोरी का मामला इन दिनों गरमाया हुआ है जिसमें एक व्यक्ति ने तीन अलग अलग लोगों से कुछ राशि ब्याज पर उधार ली किन्तु पांच वर्ष बीत जाने पर भी मूल राशि अब तक बकाया रह गई जबकि मूल राशि से नौ गुना अधिक राशि ब्याज दे चुका है जिसकी शिकायत प्रार्थी द्वारा थाना राजेन्द्रग्राम में बीते दिनाक 7 सितम्बर को की गई थी जिसमें धमकी, प्रताडना आदि का जिक्र किया गया था बावजूद इसके शिकायत का आज दिनांक तक दर्ज न होना पुलिस पर सवाल खडा कर रहा है।

राजेन्द्रग्राम थाने में प्रार्थी अयोध्या प्रसाद सोनी द्वारा लिखित आवेदन बीते दिनांक 7 सितम्बर को देते हुये बताया गया कि उसके द्वारा सात लाख इक्कीस हजार रूपये तीन अलग अलग व्यक्तियों से कुल उधार लिया गया था जिसके ब्याज की राशि अत्यधिक वसूल ली गई है और पैसों की मांग की जा रही है साथ ही प्रार्थी के दुकान, वाहन को अपने कब्जे में लेने का जबरन प्रयास किया जा रहा है शिकायत कर्ता ने बताया कि वह लगभग पैतीस लाख ऑनलाईन के माध्यम से अलग अलग समय में दे चुका है एवं लगभग इतनी ही राशि नगद भी दिया है किन्तु यह उधार के सात लाख खत्म होने का नाम ही नही ले रहे वह न्याय के लिये पुलिस का दरवाजा खटखटा रहा है तो वहां भी हो रही देरी उसे घोर निराशा में डुबोती जा रही है।

वायरल ऑडियो से गरमाया माहौल

शिकायतकर्ता अयोध्या प्रसाद सोनी द्वारा भले ही शिकायत थाने में 7 सितम्बर को की गई हो किन्तु बीते तीन दिवस पहले शोसल मीडिया में एक ऑडियों जमकर वायरल हुआ जिसमें दो व्यक्तियों को आपस में बात करते सुना गया उस ऑडियों में काफी हद तक यह बात उजागर हो रही है कि पैसे का लेनदेन किया जा रहा है अयोध्या प्रसाद सोनी किसी केदार नामक व्यक्ति को कह रहा है कि मुझे ब्याज में पैसे दिये हो जल्द ही वापस कर दूंगा वहीं दूसरी आवाज काफी जोश से पैसे वसूल करने जैसी महसूस हो रही है बहरहाल यह पुलिस के जांच का विषय है किन्तु इस ऑडियो के वायरल होने से माहौल काफी गरमाया हुआ है।

आतंक का दूसरा नाम सूदखोरी

हिन्दी सिनेमा जगत में अनगिनत डायलॉग अमर हो चुके हैं उन्ही डायलॉगों की एक कडी उठाते हुये दूसरे छोर पर सूदखोरी शब्द रखने से जो बना वह यह है कि आतंक का दूसरा नाम सूदखोरी है, पूर्व पुलिस कप्तान अखिल पटेल ने अभियान चलाकर सूदखोरों के आतंक से जिले को खाली करा डाला था तब उक्त अवैध व्यवसाय से जुडे लोग या तो अपना व्यापार बंद कर दिये थे या बिलों में जा छुपे थे उस दौरान यदि यह मामला प्रकाश में आया होता तो निश्चय ही न्याय में हो रहा विलंब इतना लंबा नही होता वहीं शिकायतकर्ता ने अपने शिकायत पत्र पर यह भी उल्लेखित किया है कि वह इन ब्याज के पैसों को देते देते इतना प्रताणित हो चुका है कि दो बार आत्महत्या का प्रयास भी कर चुका है शायद इसीलिये सूदखोरी को आतंक का दूसरा नाम कहना अतिशयोक्ति नही है।

एफआईआर में देरी, पुलिस पर संदेह

शिकायतकर्ता अयोध्या प्रसाद सोनी द्वारा भले ही सात सितम्बर को थाना राजेन्द्रग्राम में शिकायत पत्र दे दिया गया हो किन्तु आज दिनांक तक एफआईआर दर्ज न होना संदेह पैदा कर रहा है भले ही यह पुलिस विवेचना में लगने वाला अनिवार्य समय क्यों न हो साथ ही अयोध्या प्रसाद सोनी द्वारा उक्त शिकायत पत्र को अनुविभागीय पुलिस अधिकारी एवं एसडीएम पुष्पराजगढ को सौंपा गया है, यही शिकायत पत्र 11 सितम्बर को जिला पुलिस अधीक्षक एवं जिला कलेक्टर को भी दिया गया है किन्तु जांच की इतनी धीमी रफतार वह भी तब जब शिकायतकर्ता अपने ही शिकायत पत्र में जान से मरने की पूर्व में इच्छा हुई थी बता चुका है से कई सवाल उठ रहे हैं।

शिकायत पर ये लग सकती हैं धारा

शिकायत पत्र जो अयोध्या प्रसाद सोनी द्वारा दिया गया है पर पुलिस जब एफआईआर दर्ज करेगी तो भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 308 जबरन वसूली, 329 किसी प्रतिष्ठान दुकान पर क्ब्जा करना, घुस जाना, बैठ जाना, 118 वाहन और उसके दस्तावेजों को धोखे से अपने नाम कराना 108 आत्महत्या के लिये दुष्प्रेरण, 351 आपराधिक धमकी एवं 352 जब कोई व्यक्ति किसी को गाली गलौच कर अपमानित कर शांति भंग करता है एवं सम्मान को ठेस पहुंचाता है तो यह धारा का उपयोग पुलिस करती है बहरहाल यह तो पुलिस विभाग व उनके जांच के द्वारा ही स्पष्ट हो पायेगा कि किन धाराओं पर मामला पंजीबद्ध होता है अखबार द्वारा तो महज कयास लगाये गये हैं।

इनका कहना है

पीडित पक्ष का बयान दर्ज कर लिया गया है वहीं आरोपित पक्ष को कल अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अपने समस्त दस्तावेज लेकर प्रस्तुत होने को बोल चुके हैं उसके आगे जो न्यायोचित होगा वैसी कार्यवाही की जावेगी।

वीरेन्द्र बडकरे
थाना प्रभारी, राजेन्द्रग्राम

बाइक की डिक्की नहीं, बैग में छिपा रखी थी गांजे की खेप

कोतवाली पुलिस ने 5.60 किलो गांजा और बाइक जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

अनूपपुर।

नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांजे की खेप लेकर जा रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5.60 किलोग्राम गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत 50,600 रुपए है, तथा 80 हजार रुपए कीमत की मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस के अनुसार 19 सितंबर को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि राजेंद्रग्राम-किरर की ओर से दो व्यक्ति काले रंग की मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 65 जेडए 9670 से अनूपपुर की ओर आ रहे हैं और उनके पास बैग में गांजा रखा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने राजेंद्रग्राम-अनूपपुर मार्ग स्थित कोयलारी तिराहा पर नाकाबंदी की। इसी दौरान संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली गई। पुलिस ने वाहन पर सवार दिनेश कुमार बंजारा (33), निवासी नौगवां, थाना राजेंद्रग्राम तथा सुनील उर्फ मंजू यादव (32), निवासी पंचवटी मोहल्ला बुहार, थाना बुहार को पकड़ा। उनके पास मौजूद हल्के हरे रंग के पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर पांच पैकेटों में कुल 5.60 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा और मोटरसाइकिल जब्त कर दोनों आरोपियों के खिलाफ कोतवाली अनूपपुर में अपराध क्रमांक 517/26, धारा 8/20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। कार्रवाई कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक संजय अशोक एक्का के नेतृत्व में सउनि कोमल अरजरिया, प्रधान आरक्षक शेख रशीद, शिवशंकर प्रजापति, महेंद्र राठौर, खेमराज मार्को, आरक्षक अमित यादव तथा साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेंद्र अहिरवार और प्रधान आरक्षक पंकज मिश्रा की टीम ने अंजाम दिया।

शिक्षक संवर्ग की लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

अनूपपुर। अध्यापक/शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिला अनूपपुर ने शिक्षक संवर्ग की विगत वर्षों से लंबित मांगों के निराकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। मोर्चा ने ज्ञापन के माध्यम से शिक्षक-अध्यापकों की विभिन्न समस्याओं का शीघ्र निराकरण किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में सेवारत शिक्षकों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता प्रदान किया जाए। इसके साथ ही अध्यापक-शिक्षक संवर्ग को उनकी प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करते हुए पेंशन, ग्रेच्युटी एवं अवकाश के नकदीकरण का लाभ देने की मांग की गई है। मोर्चा ने अव्यवहारिक ई-अटेंडेंस व्यवस्था बंद करने, सितंबर 2022 की हड़ताल अवधि का वेतन भुगतान करने तथा लंबित क्रमोन्नति संबंधी वेतनमान के आदेश जारी किए जाने की मांग भी रखी है। शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने कहा कि उक्त मांगें लंबे समय से लंबित हैं, इसलिए शासन स्तर पर इनका निराकरण करते हुए शिक्षकों को राहत प्रदान की जाए। ज्ञापन के अंत में मोर्चा पदाधिकारियों ने मांगों पर शीघ्र कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया है।

भारत छोड़ो आंदोलन के वीर सेनानी को किया नमन, राजेंद्रग्राम में निकली श्रद्धांजलि रैली

पुष्पराजगढ़ में गूंजा अमर शहीद दयाल पनिका का जयघोष

राजेंद्रग्राम। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीद दयाल पनिका का शहादत दिवस रविवार को पुष्पराजगढ़ के राजेंद्रग्राम में श्रद्धा और गौरव के साथ मनाया गया। जनजातीय युवा पनिका संगठन के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में पहले स्वसहायता भवन से श्रद्धांजलि रैली निकाली गई, जिसने पूरे नगर का भ्रमण किया। रैली के बाद कार्यक्रम स्थल पर दीप प्रज्ज्वलित कर शहीद दयाल पनिका को नमन किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। ऐतिहासिक अभिलेखों के अनुसार दयाल पनिका भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान असम के ढेकियाजुली में हुए गोलीकांड के शहीदों में शामिल थे। 20 सितंबर 1942 को स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान तिरंगा लेकर निकले जुलूस पर पुलिस की गोलीबारी में उन्होंने अपने प्राणों का बलिदान दिया। स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों से संबंधित सरकारी अभिलेखों में भी उनका नाम दर्ज है आयोजित हुए कार्यक्रम की शुरुआत स्वसहायता भवन राजेंद्रग्राम से हुई, जहां से समाजजनों ने श्रद्धांजलि रैली निकाली। रैली राजेंद्रग्राम नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः स्वसहायता भवन पहुंची। इस दौरान देशभक्ति के नारों के बीच अमर शहीद दयाल पनिका के बलिदान को याद किया गया। रैली के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद दीप प्रज्ज्वलित किया गया। उपस्थित लोगों ने अमर शहीद दयाल पनिका के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता की लड़ाई केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं थी, बल्कि देश के दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों ने भी आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में कोल जनजातीय आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अध्यक्ष मिथलेश सिंह मरावी, ग्राम पंचायत किरगी के सरपंच अर्जुन सिंह तथा पुष्पराजगढ़ विकास मंच के अध्यक्ष मनोज कुमार जायसवाल (बबलू) सहित समाज के वरिष्ठजन एवं सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे है। वक्ताओं ने कहा कि अमर शहीद दयाल पनिका जैसे स्वतंत्रता सेनानियों का इतिहास नई पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है। उनका बलिदान देश की स्वतंत्रता की उस संघर्षगाथा का हिस्सा है, जिसमें असंख्य लोगों ने अपने प्राण न्योछावर किए है। शहादत दिवस के आयोजन के माध्यम से राजेंद्रग्राम में उनके योगदान को श्रद्धापूर्वक याद किया गया है।

गांव-गांव पहुंचेगा पंचायती राज संगठन, ग्रामीणों के मुद्दे उठाने पर जोर

अनूपपुर। जिला कांग्रेस कार्यालय में 18 सितंबर को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्रीमती संध्या वर्मा ने की। प्रदेश सह-संयोजक अजित चौहान एवं अनूपपुर प्रभारी नगेस्वरी सिंह कुशराम विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में पंचायती राज संगठन के उद्देश्यों, ग्राम पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत करने और ग्रामीणों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को पंचायत स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने तथा ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित करने की जिम्मेदारी पर जोर दिया गया। बैठक में फॉर्म-6 के माध्यम से रोजगार की मांग तथा ग्रामीणों को उनके अधिकारों और शासन की योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने पर भी विशेष चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं से कहा गया कि वे गांव-गांव पहुंचकर आमजन से संवाद करें, उनकी समस्याओं को समझें और पंचायत स्तर पर जनहित के मुद्दों को मजबूती के साथ उठाएं। वक्ताओं ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए ग्राम स्तर पर जनता की भागीदारी बढ़ाना आवश्यक है। संगठन का प्रयास रहेगा कि ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं और जरूरतों को पंचायत स्तर से उठाकर संबंधित स्तर तक पहुंचाया जाए।